# राज्य के ''प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान'' में 18 लाख ने भाग लिया

## बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक कचरा मुक्त वातावरण बनाये रखने व कचरा पृथक्करण अपनाने की शपथ ली

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 16 फरवरी से 28 फरवरी तक प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान-2026 का आयोजन किया गया।

अभियान को राज्यभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला। अभियान के दौरान 18 लाख 61 हजार प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा राज्यभर से लगभग 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। एकत्रित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण से लगभग 2 लाख रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठा रही है। यही कारण है कि इस अभियान में ग्राम पंचायतों से लेकर विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों और आम नागरिकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाना तथा आमजन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान कई स्थानों पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता के साथ-साथ जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक कचरा मुक्त वातावरण बनाए रखने और कचरा पृथक्करण अपनाने की शपथ ली।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में ग्राम पंचायतों से लेकर विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यभर में 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। एकत्रित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण से दो लाख रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

# तहसीलदार कोर्ट ने संभल की मस्जिद व दरगाह को अवैध बताया

संभल, 09 मार्च। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय तहसीलदार कोर्ट ने जिले के पंवासा ब्लॉक के सैफ खां सराय गांव में सरकारी जमीन पर बनी शाही मस्जिद, मकान और दरगाह को अवैध बताते हुए हटाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने शाही जामा मस्जिद के शाही इमाम आफताब हुसैन और उनके भाई मेहताब हुसैन पर सात करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पंवासा ब्लॉक के सैफ खां सराय गांव में गाटा संख्या 452 की 0.1340 हेक्टेयर (करीब दो बीघा) ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से मकान, मस्जिद और दरगाह बनाने का आरोप है। इस जमीन का अनुमानित मूल्य लगभग 6 करोड़ 94 लाख 19 हजार रुपए बताया गया है।

- कोर्ट ने जामा मस्जिद के शाही इमाम आफताब हुसैन व उनके भाई मेहताब हुसैन पर 7 करोड़ रु. का जुर्माना लगाया।

# अमूल ब्रांड की डेढ़ लाख किलो एक्सपायरी डेट की सामग्री नष्ट की

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने नूडल्स, कैचअप, म्योनीज़, एनर्जी ड्रिंक के 12 हजार एक्सपायरी डेट कार्टन पकड़े

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में मिलावट पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में अवधि पार अमूल ब्राण्ड की करीब डेढ़ लाख किलो सामग्री नष्ट की है। उल्लेखनीय है कि इस अवधिपार सामग्री को तिथि मिटाकर नई तिथि अंकित कर बेचने की तैयारी थी, जिसकी शिकायत राज्य सरकार की हेल्पलाइन 181 पर मिली थी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत दिनों 181 हेल्पलाइन पर किसी नागरिक ने शिकायत दर्ज करवाई कि जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा अवधिपार अमूल ब्राण्ड की खाद्य सामग्री को बेचने की तैयारी की जा रही है। इस पर विभाग ने सीएमएचओ जयपुर, द्वितीय की टीम को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा।

राठौड़ ने बताया कि टीम को एक बड़े गोदाम में भारी मात्रा में खाद्य सामग्री के कार्टन मिले, जिनमें मैसर्स कायरा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, गुजरात द्वारा उत्पादित एवं मैसर्स एडवनसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सप्लाई किए गए अमूल ब्रांड के अनेक नॉन डेयरी फूड प्रोडक्ट, नूडल्स, कैचअप, म्योनीज़, एनर्जी ड्रिंक आदि उत्पाद थे। लगभग 12 हजार कार्टन एक्सपायरी डेट के मिले, जिनमें से 3000 कार्टन में रखे पैकेट से एक्सपायरी डेट मिटा दी गई थी। मौके पर डेट मिटाने के लिए थिनर, एसीटोन, केमिकल एवं अन्य सामग्री पाई गई। मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर फर्म का कारोबारी गगन आहूजा इस खाद्य सामग्री पर नई डेट प्रिंट कर इसे 4500 नए अमूल ब्रांड के कार्टनों में भर कर मोटे मुनाफे में बेचने की तैयारी में था। मैसर्स एथलीट स्टोर का फूड लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था।

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण एक्सपायर हो चुकी सामग्री को नष्ट किया गया है। एक्सपायर हो चुके उत्पादों को फर्म के स्वयं के खर्चे पर नष्ट करवाया गया। चार दिन तक चली कार्रवाई में 27 ट्रकों में भरकर यह सामग्री कचरागाह ले जाई गई।

- पिछले दिनों 181 हेल्पलाइन पर किसी नागरिक ने शिकायत की थी कि खो नागोरियान क्षेत्र में एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर अवधि पार अमूल ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने की तैयारी कर रहा है।
- जांच में सामने आया कि डिस्ट्रीब्यूटर फर्म का कारोबारी गगन आहूजा खाद्य सामग्री पर पुरानी एक्सपायरी डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट कर नये अमूल ब्रांड के कार्टनों में भरकर मोटे मुनाफे पर बेचने की तैयारी में था।

# ईरान व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्पीड डीजल की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत, यानी प्रति लीटर 55 पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

सरकार ने ऊर्जा संकट के भय को कम करके दिखाने की कोशिश की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, देश में ऊर्जा का आयात होर्मुज़ मार्ग के अलावा अन्य सभी रास्तों से सामान्य रूप से जारी है। भारत आरामदायक स्थिति में है। इस मामले में चिंता या अटकलों की कोई जरूरत नहीं है।

भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से करीब 40 प्रतिशत सप्लाई परंपरागत रूप से होर्मुज़ स्ट्रेट के रास्ते आती रही है। यह ईरान और ओमान के बीच स्थित लगभग 33 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा परिवहन का एक महत्वपूर्ण रास्ता है। अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण इस रणनीतिक जलमार्ग से तेल की आवाजाही लगभग रुक गई है।

# बंगाल सरकार ने गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति के दौरे पर रिपोर्ट भेजी

## राज्य सरकार ने कहा कोई चूक नहीं हुई, स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया

कोलकाता, 09 मार्च। पश्चिम बंगाल सरकार ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मांगी गई स्पष्टीकरण रिपोर्ट का जवाब भेज दिया है। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया उत्तर बंगाल दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों को लेकर मांगा गया था। राज्य सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में किसी भी तरह की चूक से इनकार करते हुए कहा है कि स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रविवार सुबह राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती के कार्यालय से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और उसी दिन शाम 5 बजे तक जवाब देने की समय सीमा तय की थी। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है, हालांकि उन्होंने रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की। अधिकारी के अनुसार, मंत्रालय द्वारा उठाए गए प्रोटोकॉल से जुड़े सभी बिंदुओं पर क्रमवार स्पष्टीकरण दिया गया है।

इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति के बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचने पर प्रोटोकॉल के अनुसार उनका स्वागत किया गया था। मुख्यमंत्री के अनुसार, सिलीगुड़ी नगर निगम के मेयर गौतम देव, दार्जिलिंग के जिला अधिकारी और सिलीगुड़ी महानगर पुलिस आयुक्त वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके स्वागत करने या कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित रहने की कोई पूर्व योजना नहीं थी, इसलिए प्रोटोकॉल उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता।

- राज्य सचिवालय ने स्पष्टीकरण रिपोर्ट भेजने की तो पुष्टि की पर इसकी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने से इंकार किया।

# क्या ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह माननीय प्रैसिडैंट की चॉइस है कि उन्होंने निमंत्रण स्वीकार किया। यह उनका अधिकार है, हमारा नहीं।''

इस पर भाजपा ने भारत रत्न प्रैज़ैंटेशन के प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''टीएमसी की फेक न्यूज़ फैक्ट्री फिर सक्रिय हो गई है। टीएमसी के बनाए गए इस विवाद की सच्चाई यह है कि भारत रत्न सम्मान देने के दौरान ऑफिशियल प्रोटोकॉल के अनुसार अवॉर्ड दिए जाने के दौरान मौजूद दूसरे लोग बैठे रहते हैं। बाकी लोग बैठे रहते हैं, इसमें शिष्टाचार का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। यह शर्मनाक है कि तृणमूल एक बार फिर माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी से जुड़े इस गरिमापूर्ण क्षण को छोटी राजनीति के लिए तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। वह गलत जानकारी फैलाने के बजाय देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा का सम्मान करे।''



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने परिवार के साथ सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की।

# कूनो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स एक संदेश में कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए गर्व का क्षण है कि नामीबियाई चीता और तीसरी बार मां बनी ज्वाला ने आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़ कर 33 हो गई है, जो भारतीय धरती पर चीता के 10वें सफल शावक समूह (लिटर) का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है। यह सफलता उन पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और सभी संबंधित लोगों के समर्पण, कौशल और निरंतर मेहनत का परिणाम है, जो इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जुटे हैं।इन नए शावकों के आगमन के साथ भारत में चीतों की संख्या अब 53 हो गई है।

# इंडिगो की फ्लाइट इथोपिया से वापस लौटी

नई दिल्ली, 09 मार्च (हि.स)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) पर पाबंदियों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई033 को बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा।

# युद्ध आगे बढ़ा तो तेल की कीमत 200 डालर पार करेगी

## पश्चिम एशिया में 10 दिन के युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमत 100 डालर प्रति बैरल पहुंच चुकी है

इस्तांबुल, 09 मार्च। पश्चिम एशिया में 10 दिनों से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच वैश्विक तेल बाजार में बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। साल 2022 के बाद यह पहला अवसर है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ता है तो कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल से भी अधिक हो जाएंगी।

तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी इस स्तर के पार चला गया। तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 10 दिन से जारी युद्ध के कारण हुई है।

क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं और अमेरिकी हितों को निशाना बनाकर किए गए हमलों ने वैश्विक आपूर्ति को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

- विशेषज्ञों के अनुसार अरब की खाड़ी दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण उर्जा कॉरिडोर में से एक है, इसमें किसी प्रकार की बाधा का सीधा असर दुनिया की आपूर्ति और कीमतों पर पड़ता है।

# ट्रम्प चाहते थे कि ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को ईरान ने हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि ईरान पश्चिम एशिया के पड़ोसी देशों पर गंभीर हमले कर रहा है। संघर्ष शुरू होने के बाद से इन देशों के सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर को ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमलों से नुकसान पहुंचा है।

ईरान ने क्षेत्र के तेल उत्पादन केन्द्रों को भी निशाना बनाया है, जिससे तेल आपूर्ति बाधित हुई है। चूंकि खाड़ी के देश तेल के बड़े उत्पादक हैं और होर्मुज़ स्ट्रेट तेल परिवहन का मुख्य मार्ग है, इसलिए वैश्विक बाजारों में तेल की कमी की आशंका बढ़ गई है। युद्ध समाप्त होने के बाद भी तेल आपूर्ति को सामान्य स्तर पर लाना मुश्किल हो सकता है।

दूसरी ओर अमेरिका अब अपने सैनिकों के शव वापस आने की वास्तविकता का सामना कर रहा है। अब तक लगभग छह अमेरिकी सैनिकों की मौत की खबर है और मृतकों में एक और अमेरिकी मरीन की पहचान हुई है। इन घटनाओं का असर अमेरिका के घरेलू माहौल पर पड़ रहा है, जिसे डॉनल्ड ट्रंप नजरअंदाज नहीं कर सकते।

दरअसल अमेरिका और इज़रायल के बीच कुछ मतभेद भी सामने आने लगे हैं। अमेरिका ने ईरान के ठिकानों, और खासकर सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर, इज़रायल के तीखे हमलों पर आश्चर्य जताया है।

माना जा रहा है कि ऐसे हमलों के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, क्योंकि सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करने से आम ईरानी लोगों में नाराजगी बढ़ सकती है और वे मौजूदा सरकार के समर्थन में खड़े हो सकते हैं।

अमेरिकी अधिकारियों का अब यह मानना है कि इज़रायल के हमले अनुमान से कहीं ज्यादा तीव्र थे। कई मामलों में अमेरिका के भीतर यह भावना भी सामने आई है कि इज़रायल ने अमेरिका को इस युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर कर दिया।

# ममता बनर्जी ''सशर्त'' ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं दिया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया वही है, जो किसी न्यायाधीश के महाभियोग के लिए अपनाई जाती है। दोनों सदनों को इस प्रस्ताव को पारित करना होता है। इसके लिए सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों में से कम से कम दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है।

लोकसभा में इस प्रस्ताव पर 100 सदस्यों और राज्यसभा में 50 सदस्यों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

सदन के पीठासीन अधिकारी को इसे स्वीकार करना होता है। इसके बाद जांच की प्रक्रिया चलती है और फिर यह प्रस्ताव मतदान के लिए सदन में लाया जाता है। अब तक संसद के मतदान के जरिए किसी को महाभियोग द्वारा नहीं हटाया गया है, लेकिन किसी पद पर बैठे संवैधानिक पदाधिकारी के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव लाकर ''अस्वीकृति'' का एक कड़ा संदेश देने की कोशिश की जाती है।

लोकसभा में आज अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी, क्योंकि विपक्ष, और भी ज्यादा जरुरी, मध्य-पूर्व के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करना चाहता था। इसमें अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले, बढ़ती तेल कीमतें और उससे जुड़े मुद्दे शामिल थे।

इस कारण आज सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका।

उम्मीद की जा रही है कि बजट सत्र के दूसरे हिस्से का बड़ा हिस्सा उन संवैधानिक पदों को निशाना बनाने में बीतेगा, जिन पर विपक्ष का आरोप है कि वे सरकार के शीर्ष नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लगातार हमला बोल रहे हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वे राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर फैसले लेने की स्थिति में नहीं हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे और भी आरोप लगाए जा सकते हैं।

# मोजतबा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए हैं। जानकार बताते हैं कि मोजतबा खामेनेई के ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के साथ करीबी रिश्ते हैं और कभी कोई पॉलिटिकल पद न संभालने के बावजूद ईरानी पॉलिटिक्स में पर्दे के पीछे उनका बहुत असर है। अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद उन्हें ही उत्तराधिकारी माना जा रहा था, लेकिन लंबे समय तक ईरान ने इसकी घोषणा नहीं की। ईरान के अंदर कुछ राजनीतिक हस्तियों ने खानदानी आधार पर उत्तराधिकार की आलोचना की है और इसकी तुलना 1979 की इस्लामिक क्रांति में खत्म की गई राजशाही से की है। बता दें कि युद्ध शुरू होने के बाद से मोजतबा खामेनेई पब्लिक में नहीं दिखे हैं।

# पुतिन ने ईरान के सुप्रीम लीडर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुद्दे या मध्य पूर्व में पैदा हुए किसी भी विवाद को हल करने के लिए बल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए और जल्द से जल्द कूटनीतिक समाधान की राह पर लौटना चाहिए।

यह डवलपमैंट, चीन के यह कहने के कुछ ही समय बाद हुआ है कि वह अमेरिका और इज़राइल द्वारा मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाए जाने का विरोध करेगा। बीजिंग ने कहा कि तेहरान द्वारा अयातुल्लाह अली खामनेई की हत्या के बाद , उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता नियुक्त करना उनका ''आंतरिक मामला'' है और वह नए ईरानी नेता को टारगैट करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था, जिससे मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष शुरू हो गया, क्योंकि हमले के जवाब में ईरान ने भी अमेरिका और इज़रायल के ठिकानों पर हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का कार्यालय अमेरिका-इज़रायल हमलों के पहले ही दिन नष्ट हो गया था। इन हमलों में खामेनेई, उनकी बेटी और अन्य रिश्तेदारों के साथ-साथ, उनके प्रमुख राजनीतिक सहयोगी भी मारे गए थे।

इसके जवाब में, ईरान ने इज़रायल और खाड़ी के कई देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। अब यह संघर्ष दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और अमेरिका-इज़राइल तथा ईरान एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं।

ईरान ने सोमवार को मोजतबा खामेनेई को उनके पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का उत्तराधिकारी बनाते हुए देश का नया सर्वोच्च नेता घोषित किया। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल के साथ संघर्ष शुरू हुए एक सप्ताह हो चुका है, और इससे संकेत मिलता है कि तेहरान में कट्टरपंथी नेता अब भी मजबूती से सत्ता में बने हुए हैं।

मध्यम स्तर के धर्मगुरु मोजतबा, जिनका ईरान की सुरक्षा एजेंसियों और अपने पिता के कारोबारी नेटवर्क में प्रभाव माना जाता है, 88 धर्मगुरुओं वाली उस सभा के मतदान से पहले ही प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे,जिसे अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद नए नेता के चयन का काम सौंपा गया था।

सभा ने तेहरान समय के अनुसार, आधी रात के तुरंत बाद जारी एक बयान में कहा, निर्णायक बहुमत से एक्सपर्ट्स की सभा ने अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा हुसैनी खामेनेई को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की पवित्र व्यवस्था का तीसरा नेता नियुक्त किया है।

# राज्य में कॉमर्शियल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एजेंसी के डीलर्स ने बताया कि कंपनियों की तरफ से कई एलपीजी डीलर्स को मैसेज किया गया है कि वर्तमान हालात को देखते हुए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई अगले आदेश तक रोक लें। जिन डीलर्स के पास स्टॉक सीमित हैं, उनके नए ऑर्डर लेना कंपनियों ने बंद कर दिया। हालांकि तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।


मार्च-अप्रैल में राजस्थान में शादियों का सीजन रहेगा। अगर मध्य-पूर्व के देशों में लम्बे समय तक युद्ध चलता है तो गैस की किल्लत बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत में 80 फीसदी गैस कतर, ईरान समेत अन्य देशों से आती है, जो फिलहाल बंद है। अगर कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो बड़े पैमाने पर शादी-समारोह में खाना बनाना मुश्किल हो सकता है। ज्ञात रहे कि इससे पहले तेल कंपनियों ने रसोई गैस की नई बुकिंग, डिलीवरी के 25 दिन बाद लेने के निर्देश दिए थे, ताकि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई को नियंत्रित रखा जा सके। जब उपभोक्ता गैस की बुकिंग कर रहा है, तो उसे सिलेंडर की सप्लाई पहले जहां 2 से 3 दिन में हो जाती थी, वह अब 7 दिन में या उससे ज्यादा दिनों के अंतराल में हो रही है।

# इंडोनेशिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण का हिस्सा है, खासकर समुद्री सुरक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए। हालांकि उन्होंने इस सौदे की कुल अंतिम कीमत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की।

पाँचवी पुण्यतिथि



हमारे पूजनीय

श्री हरि नारायण शर्मा

(रिटायर्ड प्रो. राज. कृषि वि.वि.)

आपका जीवन कर्तव्य परायणता, त्याग और समर्पण का आदर्श उदाहरण है।
हम प्रतिदिन आपका स्मरण करते हैं।
हम प्रतिदिन आपके आदर्शों का अनुसरण करने का प्रण लेते हैं।

आज हम सभी आपका पुण्य स्मरण करते हैं
और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

उषा शर्मा (पत्नी), गरिमा शर्मा-मनीष दुबे, चारू शर्मा-विनोद द्विवेदी (पुत्री-दामाद)
सौम्या, रिद्धिमा (दोहिती) एवम् समस्त परिवार और मित्रगण

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908